CAFE/DAFE

1. एचआईवी और परिवार शिक्षा में प्रमाणपत्र (सीएएफई)

2. एचआईवी और परिवार शिक्षा में डिप्लोमा (डीएएफई)

# सत्रीय कार्य-2025

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली

# सत्रीय कार्य भेजने के लिए अनुसूची

प्रिय विद्यार्थी

हमें उम्मीद है कि आप सीएएफई (CAFE) /डीएएफई (DAFE) कार्यक्रम मार्गदर्शिका को ध्यानपूर्वक पढ़ चुके होंगे। हमने इस मार्गदर्शिका में यह समझाया है कि इग्नू को सत्र–समाप्ति की परीक्षा में पात्र बनने के लिए दिये गये सत्रीय कार्य को निश्चित समयाविधि में पूरा करना आवश्यक है। सीएएफई /डीएएफई के सभी सत्रीय कार्य अध्यापक चिन्हित सत्रीय कार्य (टीएमए) एवं सतत मूल्यांकन प्रक्रिया का हिस्सा है।

सीएएफई /डीएएफई के लिए जो सत्रीय कार्य हैं वे सभी पाठ्यक्रमों के लिए भी होंगे। आपको अलग–अलग सत्रीय कार्य, बीएफई–101, बीएफई–102 और बीएफईई–101 से बीएफईई–104 पर आधारित दिये जा रहे हैं। (जनवरी 2025 और जुलाई 2025 के लिए पंजीकृत छात्रों के लिए)। **सत्रीय कार्य लिखने से पहले, आप कार्यक्रम मार्गदर्शिका में दिये गये निर्देश और पाठ्यक्रम सामग्री को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।** उत्तर लिखने से पहले सत्रीय कार्य सम्बन्धित निर्देशों को ध्यान से पढें। अगर आपको पाठ्यक्रम और सत्रीय कार्य से सम्बन्धित कोई सन्देह या समस्या है तो आप अपने अध्ययन केन्द्र में सम्बन्धित शैक्षिक सलाहकार से सम्पर्क करें।

आपसे अनुरोध है कि आप पहले पाठ्यक्रम सामग्री को पढें और तब उसके बाद सत्रीय कार्य को निर्देशों के अनुसार तैयार करें। आपके उत्तर, शाब्दिक सामग्री/ब्लॉक जो आपको स्वयं के सीखने के उद्देश्य से दी गयी है से शब्दशः नकल नहीं होना चाहिए। **सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिएं।** कृपया अपने सत्रीय कार्य के उत्तर दी गयी तारीख के पहले जो कि आपकी रसीद पर उल्लेखित है, अपने अध्ययन केन्द्र पर जमा करें। आप से उम्मीद की जाती है कि आप सत्रीय कार्य की एक कार्बन कॉपी या फोटो कॉपी भविष्य में किसी भी सन्दर्भ या प्रयोग के लिए रखें।

**कृपया परीक्षा में बैठने से पहले सत्रीय कार्य जमा करें। नवीनतम जानकारी के लिए इग्नू वेबसाइट देखें।**

कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करने के लिए आपको ढेर सारी शुभकामनाएँ।

**(डॉ. जी. महेश)**
**कार्यक्रम समन्वयक**
**ई मेल : gmahesh@ignou.ac.in**
**फोन : 011 – 29571694**

## परिवार शिक्षा के मूल तत्व (बीएफई–102)

**पाठ्यक्रम कोड : बीएफई–102**

**अधिकतम अंक : 100**

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग **500** शब्दों में) दीजिए।

   i) व्यक्तिगत विकास को आकार देने में एक सामाजिक संस्था के रूप में परिवार के महत्व की जाँच करें। 20

   ii) पारिवारिक स्वास्थ्य और कल्याण पर सामाजिक–आर्थिक कारकों के प्रभाव का विश्लेषण करें। 20

   iii) माता-पिता-बच्चे के रिश्तों के मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक पहलुओं का वर्णन करें। 20

   iv) पारिवारिक जीवन शिक्षा को प्रभावित करने में मीडिया की भूमिका का आलोचनात्मक मूल्यांकन करें। 20

   v) पारिवारिक जीवन शिक्षा में मूल्यों, दृष्टिकोणों और विश्वासों की भूमिका पर चर्चा करें। 20

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं भी **तीन** का उत्तर लगभग **250** शब्दों में दीजिए।

   i) स्वस्थ पारिवारिक रिश्तों को बनाए रखने में खुले संचार के महत्व की व्याख्या करें। 10

   ii) पारिवारिक संरचनाओं और गतिशीलता पर सांस्कृतिक मानदंडों के प्रभाव पर चर्चा करें। 10

   iii) बच्चों के भावनात्मक विकास को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक क्या हैं? 10

   iv) पारिवारिक सेटिंग में बुजुर्गों की देखभाल से संबंधित प्रमुख चिंताओं का वर्णन करें। 10

   v) पारिवारिक जीवन शिक्षा जिम्मेदार निर्णय लेने को बढ़ावा देने में कैसे योगदान देती है? 10

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं भी **पांच** पर लगभग **150** शब्दों में लघु नोट लिखें।

   i) पारिवारिक अंतःक्रियाओं पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव 6

   ii) परिवार नियोजन और जिम्मेदार अभिभावकत्व 6

   iii) किशोर प्रजनन स्वास्थ्य शिक्षा 6

   iv) लैंगिक समानता और पारिवारिक जीवन में इसका महत्व 6

   v) एकल अभिभावक परिवारों में चुनौतियाँ 6

   vi) मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में परिवार की भूमिका 6

   vii) पालन–पोषण की शैलियाँ और बाल विकास पर उनका प्रभाव 6

   viii) पारिवारिक जीवन में कार्य–जीवन संतुलन की अवधारणा 6